राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: प्रेस–नोट :–   दिनांक :– 09.11.2021

आयोग द्वारा दिनांक 27.10.2021 को आयोजित राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगी परीक्षा–2021 के प्रश्न पत्र की मॉडल उत्तरकुंजी आयोग की वेबसाइट पर जारी करते हुए अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आपत्तियाँ मांगी गई हैं।

आयोग द्वारा जारी मॉडल उत्तर कुंजी के संबंध में आयोग के समक्ष समाचार माध्यमों द्वारा कुछ त्रुटियों की ओर ध्यान आकर्षित किया गया है जिसके संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि आयोग द्वारा उक्त मॉडल उत्तर कुंजी पर अभ्यर्थियों को ऑनलाईन आपत्तियों हेतु दिनांक 08.11.2021 से 10.11.2021 तक का समय दिया गया है। उक्त मॉडल उत्तर कुंजी पर अभ्यर्थियों से प्राप्त आपत्तियों का आयोग द्वारा पूर्ण परीक्षण विषय–विशेषज्ञों के माध्यम से करवाने के उपरान्त ही परिणाम जारी किया जायेगा।

(आशुतोष गुप्ता)
कार्यवाहक सचिव